Title: Demand of a master plan to control floods at Maharajganj, Sidharth Nagar, Gorakhpur and Basti in Eastern Uttar Pradesh and need to send a Central team to provide flood relief.

श्री रामपाल सिंह (डुमरियागंज) : सभापति जी, हमारा जनपद सिध्दार्थनगर इस समय बाढ़ से बहुत प्रभावित है और पूर्वी उत्तर प्रदेश में महाराजगंज, सिध्दार्थनगर, गोरखपुर, बस्ती में बाढ़ आई हुई है और पूरा मुख्यालय अन्य तहसीलों से कट गया है। प्रत्येक वर्ष यह बाढ़ की चपेट में आता है। मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि बाढ़ की रोकथाम के लिए इस जिले में कोई मास्टर प्लान बनाया जाये और सैण्ट्रल टीम भेजकर वहां जो जन-धन की हानि हुई है, उसकी पूर्ति कराई जाये। वहां फसल बर्बाद हो गई है।

सभापति महोदय : कृपया संक्षिप्त रूप में जल्दी बोले, क्योंकि अन्य २-३ मैम्बर्स बोलने वाले हैं।

...(व्यवधान)